राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक: प.14(37)RSMSSB/अर्थना/पशुपा./पशु.सहा./2016/पार्ट–II/924 दिनांक : 16/01/2018

: : कार्यालय आदेश : :

राजस्थान पशुपालन अधीनस्थ सेवा नियम, 1977 के अन्तर्गत पशुधन सहायक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2016 की परीक्षा दिनांक 21.08.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 08.10.2016 को जारी किया गया था एवं संशोधित परीक्षा परिणाम दिनांक 08.06.2017 को जारी किया गया. पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2016 में अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थियों को पात्रता की हेतु दिनांक 01.11.2017 को पशुपालन विभाग में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार 03 अभ्यर्थी पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहे हैं। बोर्ड ने पात्रता की जांच के समय अनुपस्थित रहे इन 03 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच हेतु एक अंतिम अवसर देने का निर्णय लिया है। अतः पशुधन सहायक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) के पद हेतु पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे निम्नलिखित 03 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 19.01.2018 को प्रातः 10.00 बजे से निदेशालय, पशुपालन विभाग, पशुधन भवन, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड, जयपुर पर** पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

S.No	Roll No.	Application I.D.	Name of Candidate	CAT
1.	711732	201600087173	Varun Choudhary	OBC
2.	707624	201600062882	Punam Chand Pargi	ST
3.	707369	201600049799	Prakash Chandra Meena	ST

यदि उक्त अभ्यर्थी उक्त निर्धारित दिनांक एवं स्थान पर पात्रता की जांच हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो इनका पशुधन सहायक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) के पद पर किया गया अस्थाई चयन निरस्त कर दिया जावेगा। पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं पशुधन सहायक (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) पद के लिये जारी विज्ञापन संख्या 02/2016 दिनांक 28.06.2016 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही होगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. नन्द सिंह नरूका)
अध्यक्ष